# सुप्रभात

19 जुलाई 2013

## गुरुवार को घरेलू बाजार में रही बढ़त

गुरुवार को भारतीय बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व अध्यक्ष बेन बर्नान्के के बांड खरीद कार्यक्रमों पर सकारात्मक रुख से बाजार को फायदा पहुँचा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 180 अंक यानी 0.90% की मजबूती के साथ 20,128 पर बंद हुआ। निफ्टी 65 अंक यानी 1.08% चढ़ कर 6038 पर रहा। गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार में मजबूती रही। मजबूत आर्थिक आँकड़ों की वजह से बाजार को फायदा पहुँचा। बेरोजगारी के आँकड़ों में गिरावट से बाजार को बल मिला। कारोबार के अंत में डॉव जोंस 78 अंक यानी 0.50% की मजबूती के साथ 15,549 पर रहा। नैस्डैक 1 अंक यानी 0.04% की मामूली बढ़त के साथ 3611 पर और एसऐंडपी 500 सूचकांक 8 अंक यानी 0.50% की मजबूती के साथ 1689 पर बंद हुआ।

## सेंसेक्स-निफ्टी




## वायदा बाजार

गुरुवार को ऑप्शन कारोबार में 6000 कॉल के 61 लाख शेयरों से ज्यादा के सर्वाधिक खुले सौदे हैं। पुट में सबसे ज्यादा खुले सौदे 5800 पुट के स्तर पर 90 लाख से ज्यादा शेयरों के हैं। कल 5900 कॉल के 9.73 लाख और 6000 कॉल के 8.80 लाख शेयर कटे, लेकिन 6200 कॉल में 5 लाख शेयर जुड़े। दूसरी ओर 5900, 6000 और 6100 पुट के खुले सौदे बढ़े। आज निफ्टी 6000-6100 के बीच रहने की उम्मीद है। अगर इसे 6085-6090 के पास बाधा मिले तो 6050 और 6030 के लक्ष्यों के साथ बिकवाली करें। अगर इसे 6010 के ऊपर सहारा मिले तो वहाँ खरीदारी की जा सकती है।

## संस्थागत गतिविधियाँ

| | एफआईआई (नकद) | डीआईआई |
|---|---|---|
| शुद्ध निवेश (करोड़ रु.) | -178.3 | -239.4 |

| एडीआर (डॉलर) | मूल्य | बदलाव | % बदलाव |
|---|---|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 37.9 | 2.1 | 5.9 |
| डॉ. रेड्डीज लैब | 39.5 | -0.4 | 1.0 |
| टाटा मोटर्स | 24.4 | -0.3 | 1.6 |
| आईसीआईसीआई बैंक | 36.3 | -0.6 | 1.6 |
| इन्फोसिस | 47.6 | -0.8 | 1.7 |
| विप्रो | 8.1 | 0.1 | 0.8 |

## तकनीकी राय

कल एक सकारात्मक शुरुआत के बाद निफ्टी दोपहर तक केवल 25 अंक के दायरे में 6000 से 5975 के बीच घूमता रहा। लेकिन आखिरी घंटे में बाजार ने अच्छी चाल पकड़ी। इसके दैनिक चार्ट पर बड़े आकार की तेज कैंडल बनी, जो उतार-चढ़ाव के बावजूद पिछले सत्र के बंद स्तर 5973 के ऊपर टिकी रही। बीते दो सत्रों में काफी उतार-चढ़ाव के बावजूद इसने छोटी अवधि की चढ़ती पट्टी (राइजिंग चैनल) को बचाये रखा और कल अच्छी वापसी की। आगे इस बात पर खास नजर रहेगी कि पूरे बाजार में चढ़ने-गिरने वाले शेयरों का अनुपात कैसा रहता है, क्योंकि निफ्टी मई-जून की गिरावट (6229-5566) की 80% वापसी यानी लगभग 6100 के करीब पहुँच रहा है। अगर चढ़ने-गिरने वाले शेयरों का अनुपात कमजोर हो तो इन ऊपरी स्तरों पर सावधानी बरतने की जरूरत होगी। नीचे की ओर 5900 पर पहला महत्वपूर्ण सहारा बन रहा है, जहाँ से हाल में निफ्टी ने नयी चाल पकड़ी थी। इसके नीचे जाने पर यह पिछले हफ्ते बने ऊपरी अंतराल (राइजिंग गैप) के दायरे 5887-5816 को भरने का प्रयास कर सकता है। निफ्टी ने तो नया ऊपरी स्तर छुआ है, लेकिन इसका 14 दिनों का आरएसआई नया ऊपरी स्तर बनाने में नाकाम रहा। यह नकारात्मक विलगाव (निगेटिव डाइवर्जेंस) ऊपर की मौजूदा चाल हल्की पड़ने का संकेत है। आज निफ्टी स्पॉट के बाधा स्तर 6070, 6100 और समर्थन स्तर 6000, 5970 पर हैं।

## सेंसेक्स गतिविधियाँ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ONGC 314.1 4.4% | HDFC Bank 684.0 3.2% | BHEL 188.9 3.1% | Hindalco 104.4 2.4% | Hero Moto 1726.9 2.3% |
| Tata Power 93.0 2.3% | Airtel 322.6 2.1% | L&T 985.4 1.8% | Infosys 2799.5 1.8% | Maruti 1446.6 1.7% |
| Cipla 413.2 1.6% | Dr. Reddy 2338.4 1.2% | Jindal Steel 216.6 1.1% | SBI 1824.5 1.0% | HDFC 822.8 0.7% |
| GAIL 324.5 0.6% | Tata Steel 244.7 0.6% | HUL 688.5 0.5% | ICICI Bank 985.1 0.5% | Tata Motors 287.5 0.5% |
| Sun Pharma 1117.8 0.4% | RIL 917.1 0.2% | ITC 368.5 0.0% | Coal India 291.1 -0.1% | Wipro 385.0 -0.4% |
| Bajaj Auto 1897.3 -0.7% | TCS 1660.2 -0.8% | NTPC 146.3 -0.9% | Sterlite 85.4 -1.7% | M&M 875.9 -1.9% |

## निफ्टी पर नजर

| | निफ्टी (स्पॉट) | निफ्टी फ्यूचर (जुलाई) | कॉस्ट ऑफ कैरी (%) | निफ्टी वायदा खुले सौदे (ओआई) | पुट कॉल रेश्यो ओ.आई. | पुट कॉल रेश्यो मात्रा | निफ्टी एटीएम आई.वी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्तमान | 6038 | 6052 | 12.39 | 21178900 | 1.34 | 1.37 | 17.88 |
| पिछला | 5973 | 5971 | -1.87 | 20297550 | 1.26 | 1.29 | 19.00 |
| % बदलाव | 1.08 | 1.37 | - | 4.34 | - | - | - |

## एक-दिनी (इंट्रा-डे) रणनीति

| शेयर | सलाह | रुझान | रणनीति | लक्ष्य 1 | लक्ष्य 2 | घाटा काटें | लॉट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैकलॉयड रसेल | जुलाई फ्यूचर खरीदें 289-290 में | तेजी | वायदा खरीदारी | 293.20 | 297 | 285.90 | 1000 |
| टाटा कम्युनिकेशंस | जुलाई फ्यूचर बेचें 163.70-163.90 में | मंदी | वायदा बिकवाली | 160.40 | 158 | 167.15 | 1000 |

ICICI direct.com
Investments on Your Fingertips from
ICICI Securities Ltd.
No 1 BROKER
ET STARMINE
Analyst Award 2012

| | | |
|---|---|---|
| **Pankaj Pandey** | **Head – Research** | **pankaj.pandey@icicisecurities.com** |

**ICICIdirect.com Research Desk,**
**ICICI Securities Limited,**
1st Floor, Akruti Trade Centre,
Road No 7, MIDC
Andheri (East)
Mumbai – 400 093
**research@icicidirect.com**

## Disclaimer

The report and information contained herein is strictly confidential and meant solely for the selected recipient and may not be altered in any way, transmitted to, copied or distributed, in part or in whole, to any other person or to the media or reproduced in any form, without prior written consent of ICICI Securities Ltd (I-Sec). The author may be holding a small number of shares/position in the above-referred companies as on date of release of this report. I-Sec may be holding a small number of shares/position in the above-referred companies as on date of release of this report. This report is based on information obtained from public sources and sources believed to be reliable, but no independent verification has been made nor is its accuracy or completeness guaranteed. This report and information herein is solely for informational purpose and may not be used or considered as an offer document or solicitation of offer to buy or sell or subscribe for securities or other financial instruments. Nothing in this report constitutes investment, legal, accounting and tax advice or a representation that any investment or strategy is suitable or appropriate to your specific circumstances. The securities discussed and opinions expressed in this report may not be suitable for all investors, who must make their own investment decisions, based on their own investment objectives, financial positions and needs of specific recipient. This report may not be taken in substitution for the exercise of independent judgment by any recipient. The recipient should independently evaluate the investment risks. I-Sec and affiliates accept no liabilities for any loss or damage of any kind arising out of the use of this report. Past performance is not necessarily a guide to future performance. Actual results may differ materially from those set forth in projections. I-Sec may have issued other reports that are inconsistent with and reach different conclusion from the information presented in this report. This report is not directed or intended for distribution to, or use by, any person or entity who is a citizen or resident of or located in any locality, state, country or other jurisdiction, where such distribution, publication, availability or use would be contrary to law, regulation or which would subject I-Sec and affiliates to any registration or licensing requirement within such jurisdiction. The securities described herein may or may not be eligible for sale in all jurisdictions or to certain category of investors. Persons in whose possession this document may come are required to inform themselves of and to observe such restriction.